**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 06 फ़रवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

अमरीकी अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी  ने घोषणा की है कि प्रत्यक्ष रूप से नियुक्त सभी कर्मचारी विश्वभर में प्रशासनिक अवकाश पर भेजे  जाएंगे। विदेश विभाग के साथ इस एजेंसी का विलय करने संबंधी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प के आदेशों के बाद यह निर्णय लिया गया है। एजेंसी ने अपनी वेबसाइट में एक बयान में कहा कि विदेश विभाग के साथ तीस दिनों के भीतर विदेशों में कार्यरत कर्मचारियों को वापस बुलाने संबंधी इसकी एक संयुक्त योजना है। इसका कहना है कि बृहस्पतिवार तक एजेंसी द्वारा आवश्यक कर्मचारियों को कार्य जारी रखने की सूचना दे दी जायेगी।

*************************************************************************

पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक यूनिट ने भारतीय प्रवासियों को हाथ-पैरों में हथकड़ी और जंजीरें डालकर अमरीका से निर्वासित किये जाने वाले दावे को झूठा बताया है। सोशल मीडिया पर कई पोस्ट में एक फर्जी तस्वीर साझा की जा रही है, जिसमें दावा किया गया है कि अवैध भारतीय प्रवासियों को निर्वासित करते समय उनके हाथों में हथकड़ी और पैरों में जंजीरें डाल दी गई हैं। पीआईबी ने कहा है कि सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई तस्वीर में ग्वाटेमाला निर्वासित लोगों को दिखाया गया है।

**************************************************************************

भारतीय जनता पार्टी नगर निगम और नगर परिषद के चुनाव पार्टी चिन्ह पर लड़ेगी।निकाय चुनाव और संगठनात्मक विषयों को लेकर कल पंचकूला पार्टी कार्यालय "पंचकमल" में पार्टी के केंद्रीय समूह की  बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में हरियाणा में शहरी स्थानीय निकाय के चुनाव  के लिए  रणनीति और संगठनात्मक विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष  मोहन लाल बड़ौली, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा --

उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए प्रचार, प्रसार, संकल्प पत्र बनाने पर चर्चा हुई है। इसके ईलावा नगरपालिका चुनाव को भी पार्टी चिन्ह पर लड़ने  पर चर्चा हुई है। बी.जे.पी प्रदेश प्रभारी डा.

सतीश पूनिया ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पार्टी नगर निगमों को लेकर अलग-अलग संकल्प पत्र जारी करेगी। बी.जे.पी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि निकाय चुनाव में बी.जे.पी विकास के नाम पर जनता से वोट मांगेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमारे लिए कोई चुनौती नहीं है।

*************************************************************************

हरियाणा के सहकारिता, कारागार, चुनाव, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर सरकार के 100 दिन की अवधि में उनके विभागों की गतिविधियों की कार्य प्रगति पुस्तिका सौंपी।कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इन 100 दिन के कार्यकाल के दौरान रोहतक व गुरुग्राम में सहकारिता सप्ताह के राज्य स्तरीय आयोजन करवाए गए, ताकि केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के सहकार से समृद्धि के संकल्प पर आमजन को जागरूक किया जा सके। इस कड़ी में गोहाना से प्रदेश भर के लिए जिला स्तरीय सहकारिता जागरूकता अभियान का भी आगाज किया गया।

************************************************************************

पंजाब जाने के लिए शम्भु बॉर्डर का रास्ता  टोल गेट के 100 मीटर की दूरी से खोला गया है. अब वाहन चालक को पंजाब जाने के लिए अम्बाला शहर नहीं जाना पड़ेगा। वो टोल गेट के 100 मीटर की दूरी से ही मुख्यमार्ग 152 से पंजाब जा सकते है  प्रशासन के आदेशों पर इन अवरोधों को हटाया गया है।  गौरतलब है कि किसान आंदोलन के चलते पिछले लगभग 1 साल से शंभू बॉर्डर बंद है जिसके चलते आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।